तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 17 जुलाई 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4

जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंजा नारायणपुर, रथयात्रा में आस्था का सैलाब



## खबर संक्षेप

### बाल संप्रेक्षण गृह से भागे 6 अपचारी बालक बरामद

**अंबिकापुर।** बाल संप्रेक्षण गृह से चकमा देकर भागने के मामले में अब तक छह अपचारी बालक को पकड़ा जा चुका है जबकि शेष की तलाश जारी है। इस घटना के बाद बाल संप्रेक्षण गृह में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए है। बड़ी बात यह है कि लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी बाल संप्रेक्षण गृह में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे है। बता दे कि मंगलवार की रात 8 बजे बाल संप्रेक्षण गृह से 13 अपचारी बालक फरार हो गए थे। इस दौरान यह बात सामने आई थी कि बच्चों ने परिसर के पिछले गेट में लोहे की ग्रिल को खींचकर चौड़ा कर दिया और भाग निकले। बाल संप्रेक्षण गृह से भागने वालों में दस नए और तीन पुराने अपचारी बालक शामिल है और पुराने अपचारी बालकों को इस घटना का मास्टर माइंड माना जा रहा है क्यों कि इनमें से एक अपचारी बालक 23 जून की रात भी भाग निकला था और उसे सबसे अंतिम में पकड़ा गया था। इधर इस घटना की सूचना के बाद गांधीनगर पुलिस द्वारा अपचारी बालकों की तलाश की जा रही है। गांधीनगर पुलिस द्वारा अब तक 5 अपचारी बालकों को बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि शेष अपचारी बालकों की तलाश चल रही है।

### रेलवे स्टेशन से तीन साल का बच्चा चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरी का मामला सामने आया है। पिता के साथ आए बच्चे को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया। घटना के समय पिता स्टेशन के प्लेट फ़ार्म नम्बर एक पर सो रहा था। अब इस घटना की शिकायत पिता ने पुलिस से की है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मूलतः कोरिया जिले पटना डबरीपानी निवासी 40 वर्षीय कुन्नी लाल आ. तीरथ सिंह शहर के अजिरमा पानी टंकी के पास रंगा के किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता है। युवक का तीन साल का बच्चा है। पुलिस के अनुसार 14 जुलाई को कुन्नी लाल लाल मेमू ट्रेन से डबरी पानी गया था और अपने तीन साल के बेटे को लेकर मेमू से वापस लौटा। अंबिकापुर आने के दौरान ट्रेन में उसकी पहचान एक अन्य व्यक्ति से हुई थी जिसने स्टेशन में पहुंचने के बाद उन्हें अंडा खिलाने की बात कही। ऐसे में अपने बेटे के साथ युवक बाहर आया और अंडा खाने के बाद वापस स्टेशन में प्लेट फार्म नम्बर एक पर सो गया। जब कुन्नी लाल सोकर उठा तो उसका बच्चा गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्चा नहीं मिला तो उसने घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि बच्चे को रेलवे स्टेशन से बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत आई है। मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है।

### वन भूमि पर अवैध जुताई करते ट्रैक्टर जब्त

**रामानुजगंज।** जिले में वन भूमि पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त किया है। वनमंडलाधिकारी आलोक वाजपेयी के निर्देश और वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ. दिलरुबा बानो के नेतृत्व में यह कार्रवाई विजयनगर क्षेत्र में की गई।जानकारी के अनुसार, विजयनगर कटानपारा निवासी जबार अंसारी आ. जसमुद्दीन अंसारी द्वारा वन भूमि कक्ष क्रमांक पी-3490 में बीती रात करीब 1 बजे ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध रूप से जुताई की जा रही थी। सूचना मिलने पर वन विभाग विजयनगर की टीम और पुलिस मौके पर पहुंचे और जुताई करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ कर जब्त कर लिया। मामले में वन विभाग द्वारा नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान वनपाल घनश्याम शर्मा, वनरक्षक जितेंद्र मांझी, दीपेंद्र ओइके सहित वन सुरक्षा श्रमिक मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने ट्री एटीएम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# निर्धारित लक्ष्य से अधिक लगाए गए पौधेः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- वन विभाग की अभिनव पहल से जिलेभर में निःशुल्क पौधों का होगा वितरण
- पर्यावरण संरक्षण का दिया जाएगा संदेश

आमतौर पर एटीएम का नाम सुनते ही लोगों के मन में पैसे निकालने वाली मशीन की तस्वीर उभरती है, लेकिन जशपुर वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए ट्री एटीएम की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बगिया हेलीपैड परिसर में इस अनूठे ट्री एटीएम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं ट्री एटीएम से आंवला का पौधा प्राप्त किया तथा उपस्थित लोगों को भी पौधों का वितरण किया। यह मोबाइल ट्री एटीएम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर आम नागरिकों को निःशुल्क पौधे वितरण करेगा और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता का संदेश भी देगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अभिनव पहल के लिए वन विभाग की सराहना करते हुए कहा कि जशपुर वन विभाग द्वारा शुरू किया गया 'ट्री एटीएम' लोगों को सहज रूप से पौधे उपलब्ध कराने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है और इस पहल के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रजातियों के पौधे आसानी से उपलब्ध होंगे, जिससे अधिक से अधिक पौधरोपण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान ने पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना का संचार किया है। इसी अभियान से प्रेरित होकर प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक पौधे लगाए गए हैं। पहले वर्ष ढाई करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य था, जिसके विरुद्ध लगभग साढ़े तीन करोड़ पौधों का रोपण किया गया। इसी प्रकार इस वर्ष भी ढाई करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसे भी लक्ष्य से अधिक पूरा करने का संकल्प लिया गया है।






### आज का पौधा, पीढ़ियों की छांव

एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत शुरू किए गए ट्री एटीएम को आज का पौधा आने वाली पीढ़ियों की छांव के प्रेरक संदेश के साथ रवाना किया गया। इस पहल के तहत केवल पौधों का वितरण ही नहीं किया जाएगा, बल्कि पौधा प्राप्त करने वालों को पौधरोपण की सही विधि, नियमित देखभाल तथा पौधे को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने के उपायों की भी जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पौधे जीवित रहकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर भरत सिंह, उपेंद्र यादव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### हेलीपैड पर सीएम का स्वागत



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को विकासखंड कांसाबेल स्थित अपने गृह ग्राम बगिया पहुंचे। हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भरत सिंह, उपेंद्र यादव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों अधिकारी शामिल रहे।



# एनएच 43 पर लोरो घाट में भीषण सड़क दुर्घटना

- ट्रक में फंसे तीन लोगों का किया गया रेस्क्यू, बची जान
- कटर मशीन से ट्रक का केबिन काटकर सुरक्षित निकाले गए तीनों घायल

**जशपुरनगर।** 15 जुलाई की शाम लगभग 7 बजे जिले के लोरो घाट में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। धनबाद (झारखंड) से कोयला लेकर रायपुर जा रहा टाटा ट्रक क्रमांक जेएच-02 एएम -6041 लोरो घाट में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी सुरक्षा रेलिंग से टकरा गया।

दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक, वाहन मालिक सहित कुल तीन व्यक्ति ट्रक के केबिन में गंभीर रूप से फंस गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना दुलदुला पुलिस, हाईवे पेट्रोलिंग, डॉयल-112, अग्निशमन दल एवं एंबुलेंस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान पुलिस मितान के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भी पूरी तत्परता एवं मानवता का परिचय देते हुए रेस्क्यू अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। लगभग तीन घंटे तक चले कठिन रेस्क्यू अभियान में कटर मशीन की सहायता से ट्रक के क्षतिग्रस्त केबिन एवं स्टेरिंग के हिस्से को सावधानीपूर्वक काटकर अंदर फंसे तीनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी घायलों को तत्काल उपचार हेतु शासकीय अस्पताल, जशपुर भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है तथा ⏭ शेष पेज 4 पर

# स्मृद्धि एम-कैड योजना से 13 गांवों में होंगी सिंचाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल विकास खंड के ग्राम दोकड़ा में भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय और छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान किसानों के लिए समृद्धि की पाठशाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, कलेक्टर रोहित व्यास, भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के उप संचालक शुभम पटोरी, घनश्याम पटेल, जनप्रतिनिधि और 13 ग्राम पंचायत के सरपंच, स्व सहायता समूह की महिलाएं और किसान लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा किसानों के लिए बहुत अच्छी परियोजना की शुरुआत की गई है जिसमें किसानों को रबी और खरीफ की फसल लेने में आसानी होगी और किसान आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने भी किसानों और महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसानों के लिए अच्छी परियोजना है जिसका लाभ हमारे जशपुर के किसानों को मिलेगा।

कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि किसानों के लिए समृद्धि की पाठशाला का आयोजन किया गया है जिसमें में 13 गांव के किसान शामिल हुए हैं। उप संचालक शुभम पटोरी ने कहा कि किसानों को वर्षा के पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा किसान आसानी से दो या तीन फसल ले सकेंगे और किसानों की आय में वृद्धि होगी। समृद्धि योजना के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल ने बताया कि एमकैड कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2025 में किया गया था। एमकैड कार्यक्रम के अंतर्गत कांसाबेल विकासखंड के ग्राम बगिया एवं आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बगिया दाबित सिंचाई प्रणाली की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्य 6 माह में पूर्ण किया जाएगा।

### सांस्कृतिक स्पर्धा के लिए 20 तक करें पंजीयन

**जशपुरनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत जशपुर द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के युवाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में नृत्य, रील मेकिंग एवं लघु फिल्म, वाद-विवाद, नारा लेखन, चित्रकला, संगीत, नुक्कड़ नाटक तथा स्लैम पोएट्री शामिल हैं। इच्छुक युवा 20 जुलाई तक मेरा युवा भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 22 से 27 जुलाई 2026 के मध्य किया जाएगा। प्रतियोगिताओं की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना प्रतिभागियों को पृथक से प्रदान की जाएगी।

# साइबर ठगी का आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के पुलिस कप्तान डॉ लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में जशपुर पुलिस के द्वारा ठगी जैसे मामले में आरोपियों की धर पकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया गया है, इसी क्रम में जशपुर पुलिस के द्वारा थाना सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्रांतर्गत पुलिस वर्ष 2022 में घटित साइबर ठगी के एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए लगभग चार वर्ष से फरार आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली जशपुर में धारा 420 भारतीय दण्ड संहिता एवं 66-डी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है।

### क्या था मामला

प्रार्थी रामलोचन गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 एवं 10 अक्टूबर 2022 को अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर पैन कार्ड अपडेट करने तथा नेट बैंकिंग चालू कराने का झांसा दिया। आरोपी ने विश्वास में लेकर अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 3 लाख 25 हजार रु. की राशि उनके बैंक खाते से धोखाधड़ी कर निकाल ली। प्रकरण दर्ज होने के बाद जशपुर पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों एवं डिजिटल ट्रांजेक्शनों का गहन विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान यह पता चला कि ठगी की राशि विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित की गई थी, जिनमें एक फिनो पेमेंट बैंक का खाता भी शामिल था।

### आरोपी की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीम आरोपी की तलाश में झारखंड रवाना हुई। लगातार तकनीकी निगरानी एवं पतासाजी के बाद नील कण्ठ दास उम्र 24 वर्ष, निवासी धनबाद (झारखंड) को हिरासत में लेकर जशपुर लाया गया, जहां पूछताछ में उसने साइबर ठगी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने वर्ष 2022 में पैन कार्ड अपडेट कराने का झांसा देकर पीड़ित से ठगी की थी। उसके द्वारा अपने नाम से फिनो पेमेंट बैंक में खाता खुलवाया गया था, जिसमें ठगी की राशि में से 25 हजार रुपए जमा हुए थे। उक्त राशि को उसने एटीएम कार्ड के माध्यम से चार बार में निकालकर अपने निजी कार्यों में खर्च कर दिया। आरोपी ने यह भी बताया कि ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर एवं मोबाइल फोन को घटना के बाद नष्ट कर दिया था।

### पूरे नेटवर्क की जांच जारी

आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस ने ठगी में प्रयुक्त एटीएम कार्ड, फिनो बैंक खाते से लिंक सिम कार्ड तथा पैन कार्ड विधिवत जब्त किए हैं। मामले में अन्य बैंक खातों, सहयोगियों तथा साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क की जांच जारी है। मामले से जुड़े अन्य आरोपीयों को भी पुलिस ने चिन्हित कर लिया है, जिनकी पतासाजी जारी है, जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

# ड्यूटी पर तैनात महिला स्टाफ से अभद्रता, आरोपी फरार

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत शेखरपुर स्थित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी के दौरान एक महिला स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और अश्लील हरकत का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और स्वास्थ्यकर्मियों में दहशत और रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, पंडरीपानी निवासी नारायण चौहान अपने बच्चे का इलाज कराने अस्पताल पहुंचा था, जिसके बच्चे का पूर्व में एक्सीडेंट हुआ था। अस्पताल में पर्ची कटवाने के बाद जब वह इलाज के लिए अंदर गया, तो किसी बात को लेकर वहां ड्यूटी पर तैनात महिला स्टाफ से विवाद




करने लगा। आरोपी ने अस्पताल के पूरे स्टाफ को निशाना बनाते हुए जान से मारने और रास्ते में देख लेने की धमकी दी।

अस्पताल स्टॉफ ने पूरे घटनाक्रम में आरोपी का वीडियो बनाने लगे तो आरोपी ने अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं। अस्पताल परिसर में हंगामा बढ़ता देख स्टाफ द्वारा तुरंत डायल-112 पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के अस्पताल पहुंचने से ठीक पहले ही आरोपी नारायण चौहान वहां से भाग निकलने में कामयाब रहा। यह पूरी घटना मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे की बताई जा रही है।

### त्वरित जांच होगी

मामले की लिखित शिकायत मिलने पर त्वरित जांच की जाएगी। यदि शिकायत थाने में दर्ज हो चुकी है, तो पुलिस विभाग द्वारा पूरी गंभीरता के साथ जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

**दुर्वेश जायसवाल**
एसडीओपी, पत्थलगांव।

# सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष बने सुनील

**पत्थलगांव।** सुनील अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनाए गए हैं। पत्थलगांव के सबसे पुराने स्कूल जहां न सिर्फ अच्छी पढ़ाई होती है, यहां बच्चों को संस्कार भी सिखाए जाते हैं। इस स्कूल ने समाज को बड़े अफसर, डाक्टर सहित बड़े बिजनेसमैन दिए हैं।



सरस्वती शिशु मंदिर हमेशा से एक आदर्श स्कूल के नाम से जाना जाता रहा है। जो कच्चे मकान से शुरू होकर बड़े भवन में आज संचालित किया जा रहा है। जहां हजारों की संख्या में छात्र शिक्षा ले रहे हैं। सुनील अग्रवाल नगर के प्रतिष्ठित नागरिक हैं, वे किसी भी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटते। उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाती है उसे वे पूरी ईमानदारी से बखूबी निभाते हैं। यही कारण है कि संस्था ने दुबारा सुनील अग्रवाल को अध्यक्ष नियुक्त किया है। सुनील अग्रवाल ने दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर कहा कि मुझे सरस्वती शिशु मंदिर के द्वारा पुनः बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं उसे अच्छी तरह से निभाने का प्रयास करूंगा। हमारी कोशिश रहेगी कि राज्य में हमारे स्कूल से हमारे छात्र टॉप 10 में जगह बनाएं। उसके लिए स्कूल के शिक्षकों के साथ छात्र व पालकों के साथ बैठक कर जानकारी लेंगे और उनसे मिले सुझाव पर स्कूल के शिक्षक के साथ काम करेंगे।

## पुलिस मितान योजना के उद्देश्य, दायित्व एवं उपयोगिता पर चर्चा

# पुलिस मितानों को टी-शर्ट व डिजिटल क्यूआर कोड स्टिकर वितरित

**जशपुरनगर।** पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने एवं पुलिस तथा आमजन के बीच विश्वास एवं सहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक ग्राम के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

इसके साथ ही प्रत्येक ग्राम से लगभग 10 से 11 स्वयंसेवकों को पुलिस मितान के रूप में जोड़ा गया है। वर्तमान में जिले में कुल 5,012 पुलिस मितान सक्रिय हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच सेतु बनकर कानून-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति तथा अन्य जनहितकारी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में थाना कुनकुरी, कांसाबेल, तपकरा, फरसाबहार तथा चौकी दोकड़ा, उपकछार एवं करडेगा क्षेत्र के लगभग 1000 पुलिस मितानों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी पुलिस मितानों को ₹पुलिस मितान₹ टी-शर्ट एवं डिजिटल क्यूआर कोड स्टिकर वितरित किए गए। पुलिस मितानों को प्रदान किए गए डिजिटल क्यूआर कोड स्टिकर उनके दोपहिया वाहनों के सामने लगाए जाएंगे, कोई भी नागरिक उक्त क्यूआर कोड को अपने मोबाइल फोन से स्कैन कर संबंधित पुलिस ⏭ शेष पेज 4 पर




### यातायात डीएसपी केआर चौहान ने किया प्रेरित

यातायात उप पुलिस अधीक्षक केआर चौहान ने युवाओं एवं पुलिस मितानों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, निरंतर परिश्रम एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जशपुर पुलिस का उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।





# यश की टॉक्सिक से क्लैश बदलेगी ईठा की रिलीज डेट

**मुंबई।** यश की 'टॉक्सिक' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होने वाला है। दोनों ही फिल्मों को लेकर काफी बज है। हालांकि, अब खबरें हैं कि 'ईठा' की रिलीज पोस्टपोन की जा सकती है। साउथ सुपरस्टार यश फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर खबरों में हैं। ये फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म पोस्टपोन हुई और अब फिल्म 26 अगस्त को रिलीज हो रही है। यश की 'टॉक्सिक' को लेकर बज इतना ज्यादा है कि बाकी फिल्ममेकर अपनी फिल्में इस समय रिलीज करने से परहेज कर रहे हैं. हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की फिल्म वेवान की रिलीज डेट भी पोस्पोन हुई।



## लाइफ Style

# शहनाज

## पर्सनल लाइफ पर बात करने से किया इंकार

हाल ही में शहनाज गिल और राघव जुयाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब शहनाज ने इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक इंटरव्यू के दौरान जब शहनाज से राघव जुयाल के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'प्लीज मुझसे पर्सनल सवाल मत पूछिए।' शहनाज ने राघव को अपना बेहद करीबी और अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने अफेयर की खबरों पर ध्यान न देते हुए बातचीत का रुख राघव के काम की तरफ मोड़ दिया। शहनाज ने राघव की आने वाली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को सपोर्ट करने की अपील की है। उन्होंने राघव की तारीफ करते हुए कहा, राघव पहली बार किसी फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। उनका कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है, उन्होंने आज जो भी मुकाम हासिल किया है वह सिर्फ अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर किया है। इसलिए, सभी लोग सिनेमाघरों में जाकर उनकी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को जरूर देखें और उन्हें पूरा सपोर्ट करें। फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' दुनिया भर के सिनेमाघरों में 30 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी. अग्रवाल ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में राघव जुयाल मुख्य भूमिका (अजय सिंह) में नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑब्सेशन के सीक्वल की कोई योजना नहीं

**लॉस एंजिल्स।** ऑब्सेशन फिल्म के मुख्य अभिनेता माइकल जॉनस्टन ने एक इंटरव्यू में यह साफ किया है कि इस फिल्म के सीक्वल की फिलहाल कोई योजना नहीं है। माइकल ने कहा कि हालांकि वे इस फिल्म के अगले भाग में काम करना पसंद करेंगे, लेकिन अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। माइकल ने मजाक में कहा कि फिल्म में उनके किरदार 'बेयर' को जो अंत मिला, दर्शक उसी के हकदार उसे मानते थे। इसलिए शायद ही लोग उसकी वापसी चाहें। हालांकि, उन्होंने फिल्म के निर्देशक करी बार्कर के उस आइडिया की तारीफ की, जिसमें इस फिल्म को एक अलग-अलग कहानियों वाली सीरीज में बदलने की बात कही गई है।



# एंजेलिना-ब्रैड की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

**लॉस एंजिल्स।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहारा की उम्र 21 साल है। हाल ही में जहारा ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया है। इससे पहले उनकी बहन शिलोह और भाई मैडॉक्स भी ऐसा कर चुके हैं। ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से जहारा ने कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाया है। टीएमजेड को मिले अदालती दस्तावेजों के मुताबिक जहारा ने कैलिफोर्निया के कानून के हिसाब से लगातार चार मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रैड पिट का मानना है कि बच्चों के साथ उनके खराब रिश्ते के लिए एंजेलिना जोली जिम्मेदार हैं। साल 2016 में बैड पिट और एंजेलिना जोली ने तलाक लिया था। यह तलाक हॉलीवुड में सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दरअसल, हॉलीवुड फैंस के बीच यह कपल आइडल माना जाता था, ऐसे में इनका अलग होना फैंस को दुखी कर गया।



# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के पूरे हुए 15 साल


**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल की अदाकारी वाली फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' की रिलीज को बुधवार को 15 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फरहान अख्तर ने अपनी इस फिल्म को याद किया है। उन्होंने इस फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ एक नोट लिखा है। फरहान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के कलाकार नजर आ रहे हैं। बीटीएस तस्वीरों में फरहान, ऋतिक रोशन, अभय देओल, कटरीना कैफ और कल्कि कोचलिन भी नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा '15 साल, अब भी हर पल का भरपूर फायदा उठा रहा हूं। फिल्म के 15 साल पर जश्न मना रहा हूं।' फरहान अख्तर की पोस्ट पर विनीत कुमार सिंह ने लिखा 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा क्लासिक है।'



# मुसाफिर कैफे का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें तीन मुसाफिरों की अधूरी प्रेम कहानी की झलक देखने को मिली है। दर्शक इसे 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। ट्रेलर की शुरुआत लाइब्रेरी के एक सीन से होती है, जहां चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) एक-दूसरे से बातें कर रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में आवाज आ रही है, 'जिंदगी में हर मुसाफिर किसी वजह से मिलता है। कोई थोड़ी देर के लिए। कोई जिंदगी भर के लिए'। इसके बाद सुधार और चंदर के बीच करीबी बढ़ती है। दोनों साथ घूमते-फिरते हैं। प्यार होता है। वेदिका कहती हैं, 'तुम जैसे लोग थोड़ी देर से मिलते हैं'।

## टीवी मसाला



# मम्मी आ रही हैं! टप्पू की बात सुन झूमे जेठालाल...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन इतिहास के सबसे लोकप्रिय कॉमेडी शोज में से एक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन का कैरेक्टर बहुत पॉपुलर था। इस कैरेक्टर को दिशा वकानी निभा रही थीं। वो 2017 में मैटरनिटी लीव पर गई थीं और इसके बाद उन्होंने शो में वापसी ही नहीं की। पिछले करीब 9 सालों से शो से गायब चल रहीं दर्शकों की सबसे चहेती 'दया भाभी' यानी दयाबेन आखिरकार गोकुलधाम सोसाइटी में वापसी करने जा रही हैं। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का नया प्रोमो रिलीज हो गया है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। करीब 9 साल बाद शो में दयाबेन की वापसी होने जा रही है। सामने आए लेटेस्ट प्रोमो वीडियो की शुरुआत बेहद इमोशनल और धमाकेदार अंदाज में होती है। जेठालाल के बेटे टप्पू को घर में बेहद उत्साहित होकर चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। टप्पू बेहद खुश होकर दादाजी (बापूजी) और जेठालाल के सामने आकर कहता है, 'क्या मम्मी आ रही हैं!' ये सुनते ही जेठालाल की आंखें फटी की फटी रह जाती हैं और उनके चेहरे पर एक बड़ी सी मुस्कान आ जाती है। अपनी प्यारी दया के आने की खबर सुनते ही जेठालाल खुशी से फूले नहीं समाते और झूमने लगते हैं। पूरे गोकुलधाम में इस बात को लेकर हलचल तेज हो गई है कि उनकी चहेती दयाबेन वापस लौट रही हैं। दया भाभी की वापसी की सुगबुगाहट सुनते ही जेठालाल तुरंत अपने परम मित्र और 'फायर ब्रिगेड' तारक मेहता के पास पहुंचते हैं।

## उड़ने की आशा में आएगा नया मोड़

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'उड़ने की आशा' इन दिनों चर्चा में है। हाल ही में शो से एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जो दर्शकों को चौंका सकती हैं।



प्रोड्यूसर राहुल कुमार तिवारी के इस शो का प्रोमो हाल ही में रिलीज हुआ, जिसमें दिखाया गया कि जल्द ही 7 साल का लीप आने वाला है। हालांकि, सालों बाद किरदारों के चेहरे भी बदलने वाले है। हाल ही में आए प्रोमो में 7 साल बाद सब कुछ बदलने वाला है। देशमुख परिवार टूट जाता है और सचिन-सायली भी अलग हो जाते है। इतना ही नहीं, सायली की सास रेणुका का किरदार भी बदलने वाला है, जिन्होंने अपने कठोर किरदार से अपनी पहचान बनाई थी। एक्ट्रेस राधिका विद्यासागर को रेणुका के किरदार में खूब पसंद किया गया, हालांकि अब वो इस शो को अलविदा कर रही है। उनकी जगह पर अब 'मैडम सर' की पॉपुलर एक्ट्रेस सोनाली नाइक नजर आएंगी और उन्होंने खुद इसकी जानकारी सास बहू और साजिश को दी है।

# 10000 गाने बनाने वाले संगीत के जादूगर, जिनकी धुनों पर सजती थी रफी और लता की आवाज...

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में कई दिग्गज संगीतकार हुए हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक गीत और कंपोजिशन दिए हैं। आनंद बख्शी से लेकर- आर बर्मन और लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी से लेकर खय्यम तक जैसे लीजेंडरी म्यूजिशियंस ऐसे थे जिन्होंने कई गानों की बेहदरीन कंपोजिशन दी और कई बेहतरीन गाने लिखे भी। इनके लिखे गीत सालों बाद भी सदाबहार हैं और कई तो कल्ट क्लासिक बनकर उभरे हैं। इन्हीं में से एक संगीतकार ऐसे थे जिन्होंने अपने पूरे करियर में 10 हजार से ज्यादा गीत लिखे और कंपोज किए। उन्होंने ना सिर्फ हिंदी बल्कि गुजराती सिनेमा में भी कई शानदार गीत दिए और उनके गाये गीतों को लीजेंडरी गायक मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने अपने आवाज में पिरोया है।*



***40 के दशक में मिली सफलता :*** अविनाश व्यास 1912 में गुजरात में जन्मे थे और उन्होंने उस्ताद अलाउद्दीन खान से ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने अपने करियर की पहली सफलता 1948 में रिलीज हुई फिल्म गुणसुंदरी से मिली थी जो गुजराती और हिंदी दोनों भाषाओं में बनी थी।

### 190 गुजराती फिल्मों में भी दिया संगीत

भारतीय संगीत के वो महान जादूगर थे जिन्होंने अपने कॅरियर में 10 हजार गीत लिखे और उन्हें कंपोज किया, वे थे अविनाश व्यास, जिन्होंने गुजराती सिनेमा में लगभग 190 फिल्मों के लिए संगीत दिया और रफी साहब और लता दीदी से अपने सदाबहार गीतों को आवाज दिलवाई।

### अविनाश व्यास के वो गीत, जिन्हें रफी-लता ने गाया

मोहम्मद रफी ने फिल्म लक्ष्मी के लिए पोलम पोल गीत गाया था इसके अलावा लता मंगेशकर ने फिल्म मेहंदी रंग लग्यो के लिए मेहंदी ते ववी मालवे, फिल्म कैलाशपति के लिए जा रे बादल जा जैसे गीत गाए थे। इतना ही नहीं उस दौर के बेहतरीन सिंगर्स जैसे मुकेश, मन्ना डे, तलत महमूद, आशा भोंसले, गीता दत्त, किशोर कुमार ने भी उनके गीतों को अपनी आवाज दी थी।

# नास्तिक हूं, मगर किसी धर्म का अनादर नहीं करता : अन्नू कपूर

**नई दिल्ली।** अन्नू कपूर अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'उत्तर दा पुत्तर' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में वह वास्तु में अटूट आस्था की कहानी को आगे बढ़ाते हैं। उनके मुताबिक यह उनकी अपनी सोच से बिल्कुल अलग है। उनका मानना है कि एक एक्टर की निजी सोच और उनके निभाए गए किरदारों के बीच फर्क होना चाहिए। अन्नू कपूर कहा कि 'मैं नास्तिक हूं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी धर्म या किसी की आस्था का अनादर करता हूं। जब प्रोड्यूसर संदीप कपूर मेरे पास एक ऐसे फिजिक्स प्रोफेसर का रोल लेकर आए जो वास्तु में विश्वास करता है, तो मैंने उसे स्वीकार कर लिया। एक एक्टर के तौर पर, मुझे ऐसे किरदार निभाने का मौका उत्साहित करता है जो असल जिंदगी में मेरी अपनी पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग हों।' उन्होंने आगे कहा 'मैंने उत्सुकता और जानकारी के लिए हस्तरेखा शास्त्र और ज्योतिष पर कई किताबें पढ़ी हैं। मगर ये मेरे निजी अनुभव और शौक हैं। इन्हें एक एक्टर के तौर पर मेरे प्रोफेशनल काम से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।'



उन्होंने कहा 'कई बार मेरे बयानों को संदर्भ से हटकर पेश किया जाता है। मैंने कभी किसी की आस्था का मजाक नहीं उड़ाया और न ही कभी अपनी बातों से किसी को दुख पहुंचाने की कोशिश की है। मैं हर व्यक्ति की अपनी पसंद की चीजों में विश्वास रखने की आजादी का सम्मान करता हूं।' फिल्म से दर्शकों को क्या उम्मीद करनी चाहिए, इस पर कपूर का मानना है कि 'उत्तर दा पुत्तर' में मजाक-मस्ती के साथ-साथ एक अहम संदेश भी है। 'यह फिल्म मनोरंजन तो करती ही है, साथ ही दर्शकों को एक जरूरी संदेश भी देती है। मैं बस सबसे यही कहूंगा कि ट्रेलर को आखिर तक देखें। जब मेरे किरदार की पत्नी उससे कहती है 'इस वास्तु के चक्कर में तुम डरपोक हो गए हो,' तो यह एक डायलॉग ही फिल्म की असल बात को बयां कर देता है।'

## अमिताभ और इरफान ने भी निभाए कोच के रोल

# फीफा वर्ल्ड कप फाइनल से पहले देखें फुटबॉल पर बनी ये फिल्में


*नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप फाइनल का क्रेज अपने चरम पर है और ऐसे में फुटबॉल पर बनी हिंदी फिल्मों को याद करना तो बनता है। जानिए कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में जो फुटबॉल स्पोर्ट के इर्द-गिर्द घूमती है। भले ही बॉलीवुड में फुटबॉल पर कम फिल्में बनी हों, लेकिन जो भी आई, उन्होंने दिल जरूर जीता। इनमें केके मेनन, अरशद वारसी, इरफान खान और अमिताभ बच्चन जैसे कलाकारों ने भूमिका निभाई है।*

### हिप हिप हुर्रे

1984 में बनी यह फिल्म एक सरल लेकिन दिल छू लेने वाली कहानी है। फिल्म एक स्कूल के अस्थायी स्पोर्ट्स टीचर की कहानी है, जो बच्चों को फुटबॉल सिखाते-सिखाते उन्हें जिंदगी के सबक भी सिखाता है। इसमें राज किरण लीड रोल में हैं।

### द गोल

1999 में बनी इस फिल्म में फुटबॉल के प्रति जुनून और संघर्ष को दिखाया गया है। यह एक कम जानी-पहचानी लेकिन अलग तरह की फिल्म है, जिसमें इरफान खान अहम किरदार में हैं।



### धन धना धन गोल

इस फिल्म में लंदन में बसे भारतीयों की एक फुटबॉल टीम की कहानी है, जो भेदभाव और मुश्किलों से लड़ते हुए अपनी पहचान बनाते हैं। फिल्म में स्पोर्ट्स, इमोशन, टीम स्पिरिट का अच्छा कॉम्बिनेशन देखने को मिलता है। इसमें जॉन अब्राहम और अरशद वारसी लीड रोल में हैं।



### सिकंदर

फिल्म में कश्मीर के बैकग्राउंड पर फोकस्ड एक बच्चे की कहानी है, जिसे फुटबॉल बहुत पसंद है, लेकिन हालात उसकी जिंदगी बदल देते हैं। 2009 में बनी ये फिल्म एक इमोशनल और सोचने पर मजबूर कर देती है।

### पेनल्टी

यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एक नॉर्थ-ईस्ट का खिलाड़ी फुटबॉल के जरिए अपनी पहचान के लिए लड़ता है। 2019 में बनी इस फिल्म में केके मेनन लीड रोल में हैं।

### झुंड

इस फिल्म में एक रिटायर्ड टीचर झुग्गी के बच्चों को फुटबॉल सिखाकर उनकी जिंदगी बदलने की कोशिश करता है। ये फिल्म सच्ची कहानी से प्रेरित। 2022 में बनी इस फिल्म में अमिताभ बच्चन लीड रोल में हैं।

### मैदान

2024 में आई अजय देवगन की इस फिल्म में भारतीय फुटबॉल के गोल्डन एरा की कहानी है, जहां एक कोच टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है।

## खबर संक्षेप

### नक्सलवाद को संरक्षण देने वाली कांग्रेस का असली चेहरा एक बार फिर बेनकाब : भाजपा



**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा दुर्दान्त और खूखार नक्सली कमाण्डर हिड़मा का महिमामण्डन किए जाने पर कड़ा प्रतिकार किया है। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ की शांति, लोकतंत्र और बस्तर में शहादत देने वाले वीर जवानों व निर्दोष आदिवासियों का घोर अपमान बताया और कांग्रेस विधायक से इस शर्मनाक कृत्य के लिए जनता और शहीदों के परिवारों से बिना शर्त माफी की मांग की है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक और निंदनीय है कि कांग्रेस के एक जिम्मेदार विधायक उस नक्सली हिड़मा की तुलना महान विभूतियों से कर रहे हैं, जो झीरम घाटी हमले, ताड़मेटला और बीजापुर-सुकमा के अनगिनत नक्सली हमलों का मास्टरमाइण्ड रहा है। हिड़मा ने छत्तीसगढ़ की धरती को वीर जवानों और निर्दोष आदिवासियों के खून से लाल किया है। ऐसे राष्ट्रविरोधी का महिमामण्डन करना कांग्रेस की विकृत और नक्सल-समर्थक सोच को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आज जब भाजपा सरकार बस्तर में विकास पहुंचा रही है और नक्सलियों को बैकफुट पर धकेल रही है, तब कांग्रेस नेताओं की यह छटपटाहट और नक्सलियों के प्रति हमदर्दी शर्मनाक रूप से सामने आ रही है। बस्तर के जिन परिवारों ने नक्सली हिंसा में अपनों को खोया है, कांग्रेस विधायक का यह बयान उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। यदि अटल श्रीवास्तव अविलम्ब और बिना शर्त सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो भाजपा उनके इस कृत्य के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक उग्र प्रदर्शन करेगी।

### अग्रवाल महिला मंडल ने पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में किया पौधरोपण



**सूरजपुर।** समाज सेवी संस्था अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्रसेन वार्ड स्थित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में पौधारोपण किया गया। इस संबंध में छात्रावास अधीक्षक उत्तम धीरही ने बताया कि अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती लता गोयल के नेतृत्व में छात्रावास परिसर में पौधरोपण किया गया और छात्रों को दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती लता गोयल, मीरा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सपना अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल सहित अन्य सदस्य एवं छात्रावास के बच्चे उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कार्यक्रमः पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल



**सोनगरा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय एवं बालक छात्रावास, लोलकी के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वृक्षों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम के दौरान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, प्राध्यापक, छात्रावास अधीक्षक, विद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी तथा महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधारोपण किया। सभी ने वृक्षों को पृथ्वी का अमूल्य धरोहर बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पीएस राठिया ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा वनों के निरंतर घटते क्षेत्रफल को देखते हुए पौध रोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। शिक्षक पंकज सिन्हा ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण अभियान से जोड़ा जा सके।

### ट्रक से मार्बल गिरने से तीन मजदूर घायल

**अम्बिकापुर।** चर्च रोड में मार्बल पत्थर उतारने के दौरान एक मार्बल गिरने से तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सलेहाडीह निवासी शिव मंगल राम पैकरा (40 वर्ष), तिलकनाथ पैकरा (22 वर्ष) व ग्राम कुडकैल निवासी विजय (22 वर्ष) सुबह चर्च रोड स्थित एक निर्माणाधीन भवन निर्माण के लिए मंगाए गए मार्बल पत्थर को ट्रक से उतार रहे थे। इस दौरान एक बड़ा पत्थर अचानक मजदूर पर गिर गया जिससे तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां मजदूरों का उपचार जारी है।

### चार दिनों तक अच्छी वर्षा होने की संभावना

# लो-प्रेशर के प्रभाव से मौसम हुआ अनुकूल, हुई 23.7 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने के बाद मौसम बदल गया है। लो-प्रेशर के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही सुबह शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी आगामी तीन-चार दिनों तक वर्षा होने की अनुकूल परिस्थियां बनने एवं आगामी दिनों में अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**
- ठप पड़ी खेती किसानी में आएगी तेजी

पिछले तीन-चार दिनों से वर्षा बंद होने के कारण तापमान में वृद्धि होने के साथ ही उमस बढ़ गई थी तथा धान की रोपाई लगभग ठप हो गई थी। स्थिति से किसान काफी चिंतित थे। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने के कारण बुधवार को मौसम अनुकूल हो गया। बुधवार को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में मध्यम वर्षा हुई। इस दौरान दरिमा एवं लखनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार वर्षा होने की सूचना है। दरिमा में मूसलाधार वर्षा होने के कारण दृश्यता कम हो गई है जिसके कारण कुछ देर तक दिल्ली की फ्लाइट को आसमान पर ही चक्कर लगाना पड़ा। दृश्यता में सुधार होने के बाद दरिमा एयरपोर्ट पर फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग हुई। मूसलाधार वर्षा होने के कारण कुछ देर तक हवाई सेवा प्रभावित रही। मौसम विज्ञानी के अनुसार लो-प्रेशर की सक्रियता से आगामी तीन-चार दिनों तक अच्छी वर्षा होने की परिस्थतियां अनुकूल हैं। लोप्रेशर के प्रभावी होने के बाद मानसून द्रोणिका के पूर्वी छोर में भी बदलाव आया है तथा द्रोणिका का पूर्वी छोर सामान्य स्थिति में आ गया है तथा घटना के ऊपर से बंगाल की खाड़ी तक प्रभावी है। निकट भविष्य में मानसून द्रोणिका की स्थिति में और अधिक सकारात्मक बदलाव होने की संभावना जताई जा रही है। मानसून द्रोणिका के पूर्वी छोर के अनुकूल होने के बाद द्रोणिका पश्चिमी उत्तर की ओर खिसक गई है। हालांकि द्रोणिका के पश्चिमी छोर खिसकने का प्रभाव छत्तीसगढ़ की वर्षा पर नहीं पड़ेगा। इसके प्रभाव से उत्तरप्रदेश, दिल्ली सहित आसपास के क्षेत्रों की वर्षा विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है। मौसम कार्यालय द्वारा बुधवार को 23.7 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम कार्यालय के आंकड़े के अनुसार मानसून सत्र में अब तक 350 मिमी वर्षा हो चुकी है। मौसम विज्ञानी 18 जून तक अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। वर्षा होने के बाद किसानों की सक्रियता बढ़ गई है तथा किसानों ने अपने खेतों में तेजी से धान की रोपाई प्रारंभ कर दी है।



बारिश के दौरान लबालब सड़क।

#### गिरा तापमान, उमस से राहत

बुधवार को हुई बारिश के बाद तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है तथा वातावरण में नमी घुलने के कारण उमस एवं गर्मी से राहत मिल गई है। बुधवार को अपराह्न 2 बजे धूप निकलने के कारण कुछ देर के लिए तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। वर्षा के बाद कुछ देर के लिए ऐसी स्थिति भी निर्मित हुई कि कुछ देर के लिए दिन का तापमान सुबह 8.30 बजे रिकार्ड किए गए न्यूनतम तापमान से भी नीचे पहुंच गया था। न्यूनतम पारा रात का तापमान होता है तथा सर्वाधिक कम होता है। दिन निकलने के बाद क्रमशः तापमान में वृद्धि होती है। मौसम विज्ञान की भाषा में इसे लोअर मिनियम टम्प्रेचर नाम दिया गया है तथा ऐसा यदा-कदा ही होता है। मौसम कार्यालय द्वारा सुबह न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जबकि दोपहर में कुछ देर के लिए तापमान गिरकर 23.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। मौसम कार्यालय द्वारा शाम 5.30 बजे अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।



## संगठन की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव बुधवार को जिले के राजपुर विकासखंड के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव का कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके साथ ही मंडी प्रांगण में बूथ, पंचायत, जोन, सेक्टर एवं मंडल समिति कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने जोन, सेक्टर, मंडल, पंचायत एवं पोलिंग बूथ अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी रणनीति और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव रखे और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं बुजुर्गों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान रहा। वहीं बूथ, मंडल, जोन, सेक्टर एवं पंचायत समिति के पदाधिकारियों को प्रशंसा (प्रणाम) पत्र प्रदान कर उनके संगठनात्मक योगदान का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, जिले के प्रभारी सफी अहमद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, केपी सिंहदेव, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला महामंत्री जितेंद्र गुप्ता, जिला लघु वनोपज संघ अध्यक्ष लालसाय मिंज, ब्लॉक अध्यक्ष राजपुर नीरज तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष चांदो अब्दुला खान, राजेंद्र भगत, अश्विनी यादव, विजय पैकरा, बृजेश मिश्रा, रामकिशुन एक्का, सतेंद्र पाण्डेय, भुनेश्वर सिंह, विद्यानंद दुबे, राजेंद्र श्रीवास्तव, गीता अम्बष्ट, लक्ष्मी सोनी, खोरेन खलखो, ललिता सिंह, विकास अम्बष्ठ, प्रमोद ठाकुर, सुनील भगत, पी.एन. विश्वास, रामप्रसाद, अभिषेक सिंह, पंकज जायसवाल, मनोज अग्रवाल, मुमताज, रवि सोनी, कौशल चौबे, हिमांशु जायसवाल, देवबली टेकाम, पंकज ठाकुर, संतोष सोनी, बरसाती, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- पूर्व डिप्टी सीएम के आतिथ्य में किया गया कार्यकर्ता सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान,

#### भाजपा छोड़ लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

कार्यक्रम में सरगुजा महाराज के समक्ष छ लोगों ने कांग्रेस में प्रवेश किया। प्रवेश करने वालों में श्रीमती दीपिका तिर्की, परसागुड़ी ग्राम पंचायत से श्याम दास, विनोद शर्मा, अनिल चौबे, अनिल यादव, जयनाथ कौशिक ने कांग्रेस के विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस का दामन थामा।

## मानव तस्करी, अपहरण और गुमशुदगी के मामलों पर विधानसभा में गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार टोप्पो ने सरगुजा संभाग में मानव तस्करी, अपहरण एवं गुमशुदगी के बढ़ते मामलों को लेकर गंभीर मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने प्रश्न के माध्यम से जनवरी 2018 से जून 2026 तक दर्ज सभी प्रकरणों का वर्षवार एवं थानावार विस्तृत ब्यौरा शासन से मांगा है।

- विधायक रामकुमार टोप्पो ने मांगी आठ वर्षों की विस्तृत रिपोर्ट

विधायक श्री टोप्पो ने शासन से पूछा है कि उक्त अवधि में सरगुजा संभाग में मानव तस्करी, अपहरण एवं गुमशुदगी के कितने मामले दर्ज किए गए, उनमें अब तक कितने मामलों का निराकरण हुआ, कितने प्रकरण लंबित हैं तथा प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई का विवरण क्या है। उन्होंने यह भी जानना चाहा है कि ऐसे संवेदनशील मामलों की प्रभावी जांच एवं त्वरित कार्रवाई के लिए क्या किसी विशेष टीम का गठन किया गया है। यदि टीम गठित है, तो उसे किस पद के सक्षम अधिकारी द्वारा लीड किया जा रहा है, तथा उस टीम में किन-किन पदों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है। विधायक ने टीम की संरचना एवं उसकी कार्यप्रणाली से संबंधित विस्तृत जानकारी भी मांगी है। विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि मानव तस्करी, अपहरण और गुमशुदगी जैसे अपराध समाज के लिए अत्यंत गंभीर चुनौती हैं। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई, प्रभावी जांच और पीड़ितों की सुरक्षित बरामदगी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने इन मामलों में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की पारदर्शी जानकारी सदन के समक्ष प्रस्तुत करने की मांग की।

#### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम रघुनाथनगर निवासी राम सुंदर पोर्ते आ. स्व. जॉनसाय (45 वर्ष) सोमवार को शराब पीकर घर आया और घर के परछी में खाट पर सो गया। अगले दिन सुबह पत्नी उठी तो देखा पति उल्टी कर रहा है। पूछताछ में राम सुंदर ने कीटनाशक पीने की बात बताई। परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

#### वन भूमि पर अवैध जुताई कर रहे ट्रैक्टर को वन अमले ने किया जब्त

**कुसमी।** जिले में वन भूमि पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ वन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए एक ट्रेक्टर, कल्टीवेटर सहित जब्त किया है। वन विभाग के कर्मचारियों ने बीट बैरडीह पूर्व क्षेत्र में वन भूमि सीमा के अंदर ट्रैक्टर से हल जुताई करते हुए इस ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर मालिक के ऊपर कार्रवाई की गईं। कार्रवाई से क्षेत्रों में दहशत देखने को मिल रही है।जानकारी के अनुसार कंजिया थाना भंडरिया निवासी सुमेश कच्छप व बैरडीह कला निवासी नंदकेश्वर द्वारा वन भूमि के कक्ष क्रमांक पी-3170 में गत दिन 8 बजे टैक्टर के माध्यम से अवैध रूप से जुताई की जा रही थी। सुचना मिलने पर वन विभाग कुसमी एवं चान्दो रेंज की टीम मौके पर पहुची और जुताई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। इस मामले में वन विभाग द्वारा नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी गजेंद्र सिदार, वन रक्षक बनवीर, परिसर सहायक प्रदीप टोप्पो, रामदुलारे यादव ,पीएस दीवान सहित वन सुरक्षा श्रमिक मौजूद रहे। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन भूमि पर अवैध कब्जा. अतिक्रमण या किसी भी प्रकार की गतिविधियों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार लगातार की जाएगी।

## शिवनंदनपुर नपं की पहली परिषद की बैठक में विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में मंगलवार को पहली बार नगर पंचायत परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर के सभी वार्डों के लिए विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। परिषद ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं बनाकर चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जाएंगे, ताकि नवगठित नगर पंचायत के प्रत्येक क्षेत्र को समान रूप से सुविधाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में राज्य प्रवर्तित मुक्तिधाम योजना अंतर्गत प्रस्तावित मुक्तिधाम निर्माण की प्राविधिक स्वीकृति पर चर्चा हुई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत नगर में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट की स्थापना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति का विषय भी प्रमुखता से रखा गया। इस प्लांट के स्थापित होने से नगर में कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और पुनर्चक्रण व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए सर्व समाज मांगलिक भवन के निर्माण का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल रहा। परिषद ने इस भवन को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी आवश्यकता पर चर्चा की। इसी क्रम में नगर में व्यवस्थित व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाट-बाजार निर्माण, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए आकांक्षी शौचालय निर्माण, तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए आवश्यक सामग्री एवं मशीनरी की स्वीकृति पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कराया जाए। इससे एक ओर नगर की साफ-सफाई बेहतर होगी तो दूसरी ओर महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। परिषद ने अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से कराए जाने वाले विकास कार्यों की स्वीकृति पर भी चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विचार हुआ। योजना के माध्यम से नगर के रेहड़ी-पटरी एवं छोटे व्यवसायियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक के अंतिम चरण में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विकास संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई। परिषद सदस्यों ने नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान और भविष्य की विकास योजनाओं को लेकर अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। यहां पर कांग्रेसी पार्षदों ने नियमित रूप से ध्यान न देने वाले आवास मित्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, जिस पर नोटिस जारी कर तीन दिनों का मौका दिया गया है। साथ ही नगर पंचायत गठन उपरांत अभी तक कराए गए निर्माण कार्यों का जांच उपरांत ही भुगतान किए जाने की बात कही गई। साथ ही सीएसआर मद से शव वाहन व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की बात भी कही गई। पार्षद प्रशांत अग्रवाल ने बारात घर के पास पानी जमाव का निराकरण व आरसीसी सड़क निर्माण जल्द कराने की मांग की है। यहां पर अध्यक्ष द्वारा गठित पीआईसी गठन पर भी कांग्रेसी पार्षदों ने आपत्ति दर्ज कराई, जिस पर अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने आश्वस्त किया कि दो आदिवासी कांग्रेसी पार्षदों द्वारा जो पत्र दिया गया है।

#### मध्यान भोजन बनाने वाली रसोइयों का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

**सेदम।** बतौली के स्कूलों में कार्यरत 234 रसोइयों को एक दिवसीय कार्यक्रम बीआरसी भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में रसोइयों को मध्यान भोजन बनाने का उचित मार्गदर्शन दिया गया है साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि भोजन बनाते वक्त लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बतौली के स्कूलों में कार्यरत रसोइयों को मध्यान भोजन बनाने के संबंध में उचित मार्गदर्शन विकास खंड शिक्षा अधिकारी शरदचंद्र मेस्पाल एवं विकास खंड परियोजना अधिकारी उमेश गुप्ता द्वारा दिया गया। इस दौरान मध्यान भोजन बनाने वाली रसोईयों को विद्यालय में बच्चों की संख्या अधिक होने पर एलपीजी गैस शुरुआत करने भी प्रेरित किया है। प्रशिक्षण में मौजूद रसोइयों को प्रतिदिन स्कूल आने से पहले स्वयं की साफ सफाई, रसोई घर के आस पास की साफ सफाई, भोजन बनाने के पूर्व बर्तन की अच्छे से साफ सफाई ,मसालों के डिब्बों की साफ सफाई के साथ उचित रखरखाव संबंधी जानकारी दी गई है। प्रशिक्षण में रसोइयों को बताया गया कि बच्चों को गर्म एवं पौष्टिक भोजन खिलाएं साथ ही भोजन खिलाने के समय बच्चों को टाट पट्टी या ब्रेंच में बैठा कर ही भोजन परोसें।

## पदोन्नति में टीईटी अनिवार्यता सुनिश्चित करने की मांग

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग को ज्ञापन सौंपकर पदोन्नति प्रक्रिया में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की। संघ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2010 से जारी अधिसूचनाओं एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार टीईटी पदोन्नति के लिए निर्धारित आवश्यक योग्यता है।

- छत्तीसगढ़ टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ ने सौंपा ज्ञापन

इसके बावजूद वर्तमान पदोन्नति प्रक्रिया में जारी वरिष्ठता सूची में टीईटी संबंधी विवरण को शामिल नहीं किया गया है, जिससे टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों के वैधानिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। संघ का स्पष्ट मत है कि टीईटी केवल भर्ती-पदोन्नति की औपचारिकता नहीं, बल्कि शिक्षकीय गुणवत्ता का राष्ट्रीय मानक एवं वैधानिक पात्रता है। अतः पदोन्नति प्रक्रिया में इसकी अनदेखी न केवल एनसीटीई के दिशा-निर्देशों की भावना के विपरीत है, बल्कि योग्य एवं पात्र शिक्षकों के साथ अन्याय भी है। संघ ने मांग की कि पदोन्नति प्रक्रिया में टीईटी उत्तीर्णता का पृथक उल्लेख करते हुए केवल पात्र अभ्यर्थियों को ही पदोन्नति का लाभ दिया जाए। साथ ही सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी कर पूरे संभाग में एक समान, पारदर्शी एवं नियमसम्मत प्रक्रिया अपनाई जाए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि न्यायालयों के निर्णयों, शासन के आदेशों एवं एनसीटीई के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए पदोन्नति प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाना चाहिए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। संघ ने चेतावनी दी कि यदि टीईटी की अनिवार्यता की उपेक्षा करते हुए पदोन्नति प्रक्रिया संचालित की जाती है तो प्रदेशभर के टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों के हितों की रक्षा हेतु लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यमों से व्यापक आंदोलन एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त संचालक शिक्षा ने ज्ञापन प्राप्त कर विषय का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### मानसून की उमस में बढ़ा संक्रमण का खतरा

**रायगढ़।** मानसून के आगमन के साथ भीषण गर्मी से राहत तो मिलती है, लेकिन वातावरण में बढ़ी नमी और उमस के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र, की आहार एवं पोषण विशेषज्ञ डॉ. मनीषा चौधरी ने बताया कि इस मौसम में बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से पनपते हैं, जिससे भोजन और पेय पदार्थ आसानी से दूषित हो सकते हैं। इसके कारण दस्त, फूड पॉइजनिंग, टाइफाइड, वायरल बुखार, सर्दी जुकाम और अन्य संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में ताजा, पौष्टिक, सुपाच्य और स्वच्छ भोजन का सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तला भुना, अत्यधिक मसालेदार और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। बासी भोजनए कटे हुए फल, खुले में मिलने वाले जूस, चाट, गोलगप्पे और अन्य स्ट्रीट फूड का सेवन नहीं करना चाहिए। पीने के लिए हमेशा उबला या फिल्टर किया हुआ स्वच्छ पानी ही उपयोग करें तथा घर में बना ताजा और अच्छी तरह पका भोजन ही खाएं।

### चार दिन में जारी हुआ आय प्रमाण पत्र

**रायगढ़।** रायगढ़ तहसील के ग्राम कोसमपाली निवासी पंकज कुमार विश्वाल का आय प्रमाण पत्र सेवा सेतु के माध्यम से निर्धारित समयावधि में जारी किया गया। पंकज कुमार विश्वाल के पिता नवीन कुमार विश्वाल ने 5 जुलाई को लोकसेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन किया गया। सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत 9 जुलाई को तहसीलदार रायगढ़ द्वारा आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एनएच 43 पर ...

उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। पुलिस कप्तान पहुंचे घटनास्थल पर- घटना की जानकारी मिलते ही डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह स्वयं घटनास्थल पहुंचे तथा पूरे रेस्क्यू अभियान की निगरानी की। सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के उपरांत उन्होंने थाना दुलदुला पुलिस, हाईवे पेट्रोलिंग, डॉयल-112, अग्निशमन दल, पुलिस मितान के सदस्यों एवं रेस्क्यू कार्य में सहयोग करने वाले स्थानीय नागरिकों की सराहना करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में सभी ने साहस, संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं उत्कृष्ट टीमवर्क का परिचय दिया है, जिसके कारण तीन लोगों का जीवन सुरक्षित बचाया जा सका। होंगे सम्मानित- डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने घोषणा की कि रेस्क्यू अभियान में उल्लेखनीय साहस एवं समर्पण का परिचय देने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य रेस्क्यू टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, दुर्घटना में फंसे घायलों को बचाने में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले आम नागरिकों के नाम गुड सेमिरिटन (नेक नागरिक) योजना के अंतर्गत लाभ दिलाने हेतु प्रशासन को भेजे जाएंगे। यथासंभव सहायता करें- डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह की आमजन से अपील- सड़क दुर्घटना की स्थिति में घटनास्थल से दूर जाने के बजाय तत्काल निकटतम थाना अथवा डॉयल-112 को सूचना दें। अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए घायलों की यथासंभव सहायता करें तथा ₹गुड सेमिरिटन (नेक नागरिक) बनकर मानव जीवन बचाने में सहयोग करें। समय पर दी गई सूचना और आमजन का सहयोग किसी भी घायल व्यक्ति के लिए जीवनदायी सिद्ध हो सकता है।

### पुलिस मितानों को ...

मितान का नाम, ग्राम, संपर्क नंबर तथा अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेगा, इससे ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को अपने क्षेत्र के पुलिस मितान की पहचान करने और उनसे सीधे संपर्क स्थापित करने में आसानी होगी। ग्राम में किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थिति, सड़क दुर्घटना, आपातकालीन चिकित्सा सहायता की आवश्यकता, कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या, संदिग्ध गतिविधि की सूचना, साइबर ठगी, महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों, नशा संबंधी शिकायत, लापता व्यक्ति, प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य किसी आपात स्थिति में ग्रामीण तत्काल अपने क्षेत्र के पुलिस मितान से संपर्क कर आवश्यक सहायता, मार्गदर्शन एवं पुलिस तक त्वरित सूचना पहुंचाने का कार्य कर सकेंगे।

### फूलों से सजे रथ पर विराजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा

# जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंजा नारायणपुर, रथयात्रा में आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के नारायणपुर में भगवान श्री जगन्नाथ की विश्वविख्यात रथयात्रा महापर्व पर गुरुवार को नारायणपुर पूरी तरह भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के रंग में रंग गया। भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन माता सुभद्रा की दिव्य प्रतिमाओं को भव्य एवं फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान कर पूरे नगर में विशाल रथयात्रा निकाली गई। ₹जय जगन्नाथ₹ के गगनभेदी उद्घोष, शंखनाद, घंटियों की ध्वनि, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भजनों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

■ **मौसी के घर पहुंचे महाप्रभु श्री जगन्नाथ**

रथयात्रा का शुभारंभ गणेश मंदिर परिसर से हुआ, जहां आचार्य वशिष्ठ पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न कराई। पूजा के उपरांत भगवान को पालकी के माध्यम से मंदिर से बाहर लाया गया और भव्य रथ पर विधिवत विराजमान कराया गया। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में रथयात्रा प्रारंभ हुई। रथयात्रा गणेश मंदिर से निकलकर जय स्तंभ चौक, मुख्य बाजार, प्रमुख मार्गों से होती हुई अटल चौक पहुंची तथा वहां से भगवान श्री जगन्नाथ के मौसी घर माने जाने वाले रामेश्वर शिव मंदिर तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य माना। रथयात्रा के दौरान नगर का प्रत्येक मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरा नजर आया। जगह-जगह सामाजिक संगठनों, श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ की आरती उतारी, नारियल अर्पित किए और परिवार की सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। घर-घर से महिलाओं ने आरती की थाल सजाकर भगवान का अभिनंदन किया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। रथ खींचने वाले में दिखा खासा उत्साह- रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचने से पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन के कष्ट दूर होते हैं। यही कारण रहा कि युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों तक में रथ खींचने की होड़ दिखाई दी। हर कोई भगवान के रथ को स्पर्श कर स्वयं को सौभाग्यशाली मान रहा था।

#### आडिशा से आए विशेष वाद्य यंत्र

इस अवसर पर ओडिशा से पहुंचे कलाकारों ने पारंपरिक वाद्य-यंत्रों के साथ हरिनाम संकीर्तन, श्री जगन्नाथ भजन एवं भक्ति संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक नृत्य मंडलियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से रथयात्रा को और अधिक भव्य बना दिया। भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते, नाचते और ₹जय जगन्नाथ₹ के जयकारे लगाते हुए पूरे मार्ग में भगवान के साथ चलते रहे। नगर की गलियां भक्ति रस से सराबोर नजर आईं।

#### पूरे नगर में उत्साह का माहौल

श्री जगन्नाथ सेवा समिति, नारायणपुर द्वारा आयोजित इस विशाल धार्मिक आयोजन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दिव्य दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। यात्रा के समापन पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसे हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। रथयात्रा के दौरान पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। डीजे की धुन, शंखध्वनि, घंटे-घड़ियाल, भजन-कीर्तन पटाखा, आतिश बाजी और जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने इस वर्ष की रथयात्रा को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना दिया।

#### सुरक्षा के बीच महाउत्सव सम्पन्न

रथयात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा ,आयोजन समिति और श्रद्धालुओं के सहयोग से यह विशाल धार्मिक आयोजन पूरी श्रद्धा, गरिमा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।



## जगन्नाथ रथयात्रा: बारिश में कम नहीं हुआ भक्तों का उत्साह

**पत्थलगांव।** आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का महापर्व भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा इस वर्ष भी नगर में पूरे धार्मिक उत्साह और भव्यता के साथ निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा को आकर्षक रूप से सजे रथों में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। रथयात्रा को लेकर नगरवासियों में जबरदस्त उत्साह दिखा।

रथयात्रा की शुरुआत पुरानी बस्ती स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से हुई। पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भगवान को रथ पर विराजित किया गया। इसके बाद श्रद्धालु "जय जगन्नाथ" के गगनभेदी जयघोष के बीच रस्सी खींचकर रथ को नगर भ्रमण के लिए निकले। इस धार्मिक आयोजन की खास बात यह है कि पूर्व विधायक रामपुकार सिंह, डॉ. बसंत सिंह, शिशिर सिंह, आरती सिंह एवं उनके परिवार कई दशकों से इस रथयात्रा की परंपरा से जुड़े हुए हैं। मंदिर निर्माण से पहले भगवान की प्रतिमाएं उनके पैतृक निवास पर विराजमान रहती थीं और वहीं से रथयात्रा का शुभारंभ किया जाता है। आज भी यह परंपरा श्रद्धा और सम्मान के साथ निभाई जा रही है। रथयात्रा के दौरान नगर की गलियां भक्ति के रंग में सराबोर रहीं। रथयात्रा के सुचारू संचालन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने भी व्यापक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की थी। रथ के साथ पुलिस बल तैनात रहा, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से इस भव्य धार्मिकआयोजन में शामिल हो सकें। नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया । इंद्रदेव भी श्रद्धालुओं का उत्साह को कम नहीं कर सके। बारिश के बावजूद रथ यात्रा में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए।

## राष्ट्रीय समारोह में जिले के सात शिक्षकों का सम्मान



**जशपुरनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचारी शिक्षण, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले जशपुर जिले के सात शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित ₹स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से रायपुर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.पूर्णानंद मिश्रा एवं राष्ट्रपति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रज्ञा सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजसेवी तथा एनआर स्टील रायगढ़ के संस्थापक संजय अग्रवाल ने की। अतिथियों ने चयनित शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवाचार, समर्पण, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र निर्माण में दिए जा रहे उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। जिले से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में संतोषी डनसेना प्रधानपाठक, शासकीय प्राथमिक शाला छिंदबहरी, पत्थलगांव, गणेश राम चौहान प्रधानपाठक, शासकीय प्राथमिक शाला खुंटीटोली, कांसाबेल, नमिता खेस्स सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला रायकोना, रीना रानी गोस्वामी सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला नदीडीपा, सुनैना तिर्की सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेगम्हरिया, अनुपमा कुजूर सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला नदीडीपा तथा अनिल कुमार कश्यप सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला पैकू शामिल हैं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसार करने वाला नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माता होता है। सम्मानित शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में गतिविधि आधारित शिक्षण, डिजिटल शिक्षा, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता एवं बाल-केंद्रित शिक्षा के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है। ऐसे शिक्षकों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## सेजेस कोतबा के 204 व जशपुर के 120 विद्यार्थियों ने एआई का लिया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की पहल और नवगुरूकुल के सहयोग से पीएमश्री सेजेस कोतबा में ई-शिक्षा पर आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षण प्रशिक्षण संपन्न हुआ। 6 दिनों तक चले कार्यक्रम में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतबा के 204 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के माध्यम से एआई का अध्ययन में उपयोग करना सीखा। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर के 120 विद्यार्थियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

ज्वाइंट कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा के निर्देश पर जशपुर जिले के 15 विद्यालयों में प्रतिदिन 2 बैच में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित कराया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने और अध्ययन में इसके उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और नवगुरूकुल के द्वारा पीएमश्री, केंद्रीय, नवोदय , स्वामी आत्मानंद, कस्तूरबा गांधी और



आईसीटी लैब युक्त विद्यालयों में एआई शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। नवगुरूकुल के करिकुलम सपोर्ट टीम से दीपालोचनी कार्तिक व नीलम चौहान और यशस्वी जशपुर से अवनीश पाण्डेय समन्वय कर रहे हैं। पीएमश्री सेजेस कोतबा में नीतू तथा प्रियंका ठाकुर और सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में रेणुका चक्रधारी तथा संजना मरकाम ने विद्यार्थियों को ट्रेनिंग दिया। प्रशिक्षण में पत्थलगांव विकासखंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य, एबीईओ एन छत्तर, सेजेस कोतबा के प्राचार्य जेके सिदार का विशेष योगदान रहा।

## बासनताला स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव




**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभिभावकों और ग्रामीणों की मौजूदगी ने इसे यादगार बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशीला साय, जनपद उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष उपेंद्र यादव, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी मोहम्मद असलम आजाद, तुलाधार यादव, प्रदीप यादव, जगरनाथ यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैंकरा, सरपंच सोसंती बेक सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। विद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिथियों का तिलक, बैज, पुष्पवर्षा और वेलकम क्लैप्स के साथ पारंपरिक स्वागत किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैंकरा ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी विद्यालयों में उनके प्रभावी क्रियान्वयन का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि सुशीला साय ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण समय है और इसका सदुपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत अतिथियों ने पौधारोपण किया।

## वंडर ऑफ जशपुर में केशलापाठ पहाड़ को मिला विशेष स्थान

**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम पंचायत तमता के लिए गर्व का एक ऐतिहासिक अवसर सामने आया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित पत्रिका 'वंडर ऑफ जशपुर' में तमता के प्रसिद्ध धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल केशलापाठ पहाड़ को विशेष स्थान दिया गया है। यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत को नई पहचान दिलाने वाली मानी जा रही है।

केशलापाठ पहाड़ वर्षों से क्षेत्रवासियों और जनजातीय समाज की गहरी आस्था का केंद्र रहा है। यहाँ ग्राम देवता बुढ़ादेव की पूजा-अर्चना की जाती है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार इस पवित्र स्थल का संबंध महाभारत कालीन लोकगाथाओं से भी जुड़ा हुआ है। शासन की पत्रिका में इस स्थल को स्थान मिलने से इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को व्यापक



पहचान मिली है। लगभग 400 फीट ऊँची इस मनोरम पहाड़ी तक पहुंचने के लिए बनी सैकड़ों सीढ़ियां और शिखर से दिखाई देने वाला प्राकृतिक दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करता है। अब 'वंडर ऑफ जशपुर' में शामिल होने के बाद यहां पर्यटन गतिविधियों को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस उपलब्धि के साथ विकास की दिशा में भी बड़ी सौगात मिली है। जिला अध्यक्ष सालिक साय के प्रयासों से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा केशलापाठ पहाड़ परिसर में 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी सुविधा होगी। क्षेत्रवासियों का मानना है कि शासन की पत्रिका में केशलापाठ पहाड़ को स्थान मिलना और साथ ही सामुदायिक भवन की स्वीकृति मिलना तमता के विकास के लिए सोने पर सुहागा साबित होगा। इससे पर्यटन, आधारभूत सुविधाओं और स्थानीय रोजगार को भी नई गति मिलेगी। इस उपलब्धि के बाद तमता सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे केवल एक धार्मिक स्थल का सम्मान नहीं, बल्कि अपनी लोक परंपराओं, ग्राम देवता और हर वर्ष पौष पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले की प्रतिष्ठा का सम्मान बताया है।

## फेसबुक पर दोस्ती, फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग

**चंद्रपुर।** सक्ति जिले के नगर पंचायत चंद्रपुर में सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर महिला को अपने झांसे में लेना, निजी फोटो और वीडियो हासिल कर ब्लैकमेल करना तथा पैसे की मांग करना एक आरोपी को भारी पड़ गया। सक्ती पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि करीब दो वर्ष पहले फेसबुक के माध्यम से उसकी एक अज्ञात व्यक्ति से दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने विश्वास जीतकर महिला से उसकी निजी फोटो और वीडियो व्हाट्सएप पर मंगवा लिए। इसके बाद आरोपी ने उन्हीं फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग शुरू कर दी। डर और बदनामी के भय से पीड़िता ने आरोपी के बताए खाते में 2500 ट्रांसफर भी कर दिए। इसके बावजूद आरोपी की मांगें नहीं रुकीं। विरोध करने पर उसने महिला और उसके परिजनों के व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोज कुमार देवांगन को 14 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। यदि कोई व्यक्ति ब्लैकमेल करे या साइबर ठगी का शिकार बनाए, तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराए।

### राजमार्गों पर कब्जे के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति

# अवैध कब्जे और बेतरतीब पार्किंग, 41 वाहनों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रायगढ़ जिला प्रशासन ने आज राजमार्गों पर अवैध अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग के खिलाफ व्यापक संयुक्त अभियान चलाया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप गठित जिला राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स ने शहर के प्रमुख यातायात क्षेत्रों में सघन प्रवर्तन अभियान चलाते हुए राजमार्गों से अतिक्रमण हटाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले 41 से अधिक वाहनों पर लगभग 41 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के राइट ऑफ वे क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटाया। दुकानों के सामने किए गए





सड़क विस्तार, अस्थायी शेड, अवैध निर्माण तथा अन्य बाधाओं को हटाते हुए संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान राजमार्गों और प्रमुख चौराहों के आसपास अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों एवं अन्य गाड़ियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की गई। यातायात बाधित करने और दुर्घटना की आशंका बढ़ाने वाले 41 से अधिक वाहनों पर मौके पर ही चालानी कार्रवाई करते हुए लगभग 41 हजार का अर्थदंड वसूला गया। जिला राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे 15 मीटर की परिधि के भीतर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई अथवा संबंधित मंत्रालय की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी भी प्रकार का निर्माण, लाइसेंस अथवा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी या नवीनीकृत नहीं किया जाएगा।

